गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 क्रमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (C.G.)
(A Central University established by the Central Universities Act, 2009 No.25 of 2009)
www.ggu.ac.in Ph. No. 07752 – 260021, 260342, Fax : 07752-260154

क्र1548/अका./प्रवेश/2014 बिलासपुर, दिनॉक 24/6/14

परिपत्र

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2014–15 में प्रवेश दिये जाने हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा कराया जाकर परिणाम विश्वविद्यालय वेब पटल पर जारी किये जा चुकें है। परिणाम के प्राप्तांकों के आधार पर विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रदान किया जाना है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 27 पाठ्यक्रमों हेतु किया गया था तथा शेष 30 पाठ्यक्रमों में आवेदन संख्या निर्धारित अनुपात में नहीं होने की वजह से प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया है। जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की गयी है उन पाठ्यक्रमों में प्रवेश अर्हतादायी कक्षा के परिणामों के प्राप्तांकों के आधार पर दिया जाना है। कृपया विभाग प्रमुख अपने विभाग के उम्मीद्वारों को प्रवेश प्रदान करने हेतु कौंउसलिंग तिथि की सूचना पृथक–पृथक वेबपटल पर जारी करने का कष्ट करें। कृपया 01 जुलाई 2014 से 15 जुलाई 2014 के बीच में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है उन पाठ्यक्रमों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की अधिकाधिक संख्या को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें अपने आवेदन पत्र अन्य पाठ्यक्रमों के लिए स्थानांतरित करने हेतु निम्नानुसार प्रावधान किया गया है –

1. जिन आवेदकों का प्रवेश मेरिट के आधार पर न हो पाये वे यदि चाहे तो अपने आवेदन पत्र अन्य संबंधित पाठ्यक्रम जिसकी वह अर्हता पूर्ण करते हो एवं जिनमें सीट रिक्त हो सादे कागज पर आवेदन पत्र प्रस्तुत करते हुए पूर्व में प्रस्तुत आवेदन को स्थानांतरित करवा सकते हैं।
2. ऐसे स्थानांतरित आवेदन तभी विचार करने योग्य होंगे जब पूर्व में प्राप्त आवेदन के आवेदकों को प्रवेश प्रदान किया जा चुका हो या प्रवेश परीक्षा में शामिल वेट उम्मीद्वारों की मेरिट सूची में कोई भी उम्मीद्वार शेष न बचा हो।

अनुरोध है कि समस्त विभागाध्यक्ष उपरोक्तानुसार व्यवस्था के अधीन प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न करने का कष्ट करें।

आदेशानुसार,

कुलसचिव(कार्यवाहक)

पृ.क्र.1549/अका./प्रवेश/2014 बिलासपुर, दिनॉक 24/6/14

प्रतिलिपि –

1. कुलपति जी के सचिव को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
3. समस्त अधिष्ठाता/समस्त विभागाध्यक्ष, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
4. विभागाध्यक्ष, संगणक संस्थान की ओर सूचनार्थ एवं विश्वविद्यालय वेबपटल पर जारी करने हेतु।
5. विश्वविद्यालय सूचना पटल पर चस्पा हेतु।
6. कार्यालय प्रति।

सहा.कुलसचिव(अका.)

49/si